600 औद्योगिक-आवासीय भूखंडों की योजना जल्द

गीडा

- चकभोप में 150 एकड़ में विकसित होने वाली योजना का ले-आउट तैयार
- आवासीय योजना में पहली बार 500 भूखंड की बिक्री करेगा गीडा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गीडा अगले तीन से चार महीने में 600 से अधिक औद्योगिक और आवासीय भूखंडों की योजना को लांच करेगा। गीडा ने भीटी रावत में करीब 100 एकड़ में औद्योगिक भूखंड और चकभोप में 150 एकड़ में 500 से अधिक भूखंड वाले आवासीय योजना का ले-आउट तैयार किया है। इसे मंजूरी के लिए 29 जनवरी को प्रस्तावित गीडा बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। इसके साथ ही धुरियापार इंडस्ट्रियल कारीडोर का मास्टर प्लान भी बोर्ड बैठक में मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

> गीडा बोर्ड की बैठक 29 जनवरी को प्रस्तावित है। इसमें चकभोप में आवासीय और भीटी रावत में औद्योगिक भूखंड की योजना का ले-आऊट मंजूरी के लिए रखा जाएगा। धुरियापार इंडस्ट्रियल कारीडोर का मास्टर प्लान भी मंजूरी के लिए रखा जाएगा। कालेसर आवासीय योजना को भी 27 जनवरी को लांच करने की तैयारी है।
>
> – अनुज मलिक, सीईओ, गीडा

सहजनवां क्षेत्र में लिंक एक्सप्रेस वे के पास गीडा प्रशासन ने चकभोप में 150 एकड़ में आवासीय योजना का ले-आऊट तैयार किया है। इस योजना में छोटे-बड़े करीब 500 भूखंड होंगे। सेक्टर 25 में विकसित की जा रही आवासीय योजना लिंक एक्सप्रेस से एक किलोमीटर के दायरे में है। इसके साथ ही भीटी रावत में करीब 100 एकड़ में औद्योगिक इकाईयों के लिए इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किया जा रहा है।

इस योजना में छोटे-बड़े 100 औद्योगिक इकाईयों के लिए भूखंड का आवंटन होगा। गीडा ने दोनों योजनाओं का ले-आऊट तैयार कर लिया है। 29 जनवरी को कमिश्नर की अध्यक्षता में होने वाले गीडा बोर्ड बैठक में इसे मंजूरी के लिए रखा जाएगा। मंजूरी के बाद आवासीय योजना के लिए रेरा में पंजीकरण की औपचारिकता को पूरा किया जाएगा। जिम्मेदारों की माने तो आने वाले 3 से 5 महीने के अंदर योजना लांच हो सकती है।

27 को लांच हो सकती है कालेसर आवासीय योजना

गीडा की बहुप्रतिक्षित कालेसर आवासीय योजना 27 जनवरी से लांच हो सकती है। इसका शिलान्यास बीते वर्ष फरवरी महीने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। सेक्टर 11 में बहुप्रतीक्षित कालेसर योजना के तहत पहले चरण में 56 व्यावसायिक प्लाट के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। दूसरे चरण में आवासीय और बचे हुए व्यावसायिक प्लाट के लिए आवेदन मांगे जाएंगे। इसी तरह गीडा के सेक्टर 23 में जमीन को लेकर चला आ रहा पेंच सुलझने के बाद प्राधिकरण वहां भी 45 आवासीय प्लाट के लिए पंजीकरण शुरू करेगा। इसके लिए भी आवेदन किए जा सकेंगे।